दिनांक 19 जून 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को सफाई के प्रति किया गया जागरूक, निगम सभागार में रखी गई कार्यशाला, जरूरी सफाई किट का किया गया वितरण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में शहर के स्ट्रीट वेंडर्स को सफाई के प्रति जागरूकता लाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर किया गया। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने स्ट्रीट वेंडर्स को सफाई के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि जहां भी दुकानें लग रही है उसके आसपास साफ, सफाई रखना दुकान मालिक की महती जिम्मेदारी है , आसपास की सफाई के साथ ही दुकानों में भी विशेष सफाई का ध्यान रखना जरूरी है। इसके लिए दुकानों में आवश्यक रूप से सूखा कचरा तथा गीले कचरे के लिए डस्टबिन रखना जरूरी है। सफाई रखकर ही बीमारी को दूर भगाया जा सकता है ऐसी जानकारी कार्यशाला में स्ट्रीट वेंडर्स को प्रदान की गई। कार्यशाला में बताया गया कि दुकानों एवं ठेलो में सफाई होने से ग्राहकी की भी बढ़ती है तथा ऐसे दुकानों में लोग ज्यादा खाद्य सामग्री लेना पसंद करते हैं। आज के कार्यशाला में केवल फूड स्ट्रीट वेंडर्स को ही बुलाया गया था। जिसमें खाद्य सामग्री बेचने वाले ठेले तथा दुकान वाले व्यवसायी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यशाला में पीएम स्व निधि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई तथा इस योजना से मिलने वाले लोन के बारे में बताया गया। स्ट्रीट वेंडर्स को यह जानकारी दी गई कि पीएम स्व निधि के तहत 10000 का लोन प्राप्त किया जा सकता है। इस किस्त को जमा कर देने के उपरांत 20000 का लोन मिलता है तथा इस किस्त को भी अदा कर देने के बाद 50000 का लोन प्राप्त किया जा सकता है। यही नहीं पीएम स्व निधि योजना के बाद छह प्रकार के प्रमुख योजनाओं का लाभ भी मिलता है। इसके तहत जन धन योजना , जीवन ज्योति बीमा योजना , जननी सुरक्षा योजना तथा श्रम योगी मानधन योजना का लाभ मिलता है। आज के कार्यशाला में लगभग 80 से अधिक स्ट्रीट वेंडर शामिल हुए। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को सफाई किट के तहत एप्रोन , ग्लव्स, कैप एवं मास्क भी प्रदान किया गया तथा सुरक्षित तरीके से खाद्य सामग्री बेचने प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, मिशन मैनेजर नलिनी तनेजा, अमन पटले एवं एकता शर्मा आदि मौजूद रहे।